# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

## आयोजना मंडल की 19 वीं बैठक दिनांक 19.12.2025

## कार्यवाही विवरण

आयोजना मंडल की 19वीं बैठक दिनांक 19 दिसंबर 2025 को मध्यान्ह् 12.15 बजे ऑफलाईन एवं ऑनलाईन मोड पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलगुरू प्रो0 बी0एल0 वर्मा द्वारा की गई एवं बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गया :–

1. श्री ताराचंद गोयल — सदस्य
   चैयरमैन, गोयल प्रोटिन्स
   ग्राम कसार, एन0एच0 52
   जिला कोटा–325004

2. प्रो0 (डॉ0 ) नीति अग्रवाल — सदस्य (ऑन लाईन उपस्थित)
   स्कुल आर्फ मैनजमेंट स्टेडीज
   इन्दिरा गांधी रा0 मुक्त वि0वि0, नई दिल्ली।

3. प्रो0 ज्योति राणा — सदस्य (ऑन लाईन उपस्थित)
   कुलसचिव
   विश्वकर्मा स्किल विश्वविद्यालय
   ग्राम दुधोला जिला पलवल हरियाणा।

4. प्रो0 बी0 अरूण कुमार — सदस्य
   निदेशक (योजना विकास एवं अकादमिक ),
   वमखुविवि, कोटा।

5. प्रो0 सुबोध कुमार, — सदस्य
   आचार्य, वमखुविवि, कोटा ।

6. डा0 पुरवा अग्रवाल, R.Ac.S — सदस्य सचिव
   कुलसचिव (कार्यवाहक)

बैठक के प्रारंभ में माननीय कुलगुरू महोदय द्वारा नवनियुक्त सदस्यों के साथ समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारंभ करने के निर्देश प्रदान किए गए। माननीय कुलगुरू महोदय की अनुमति से कार्यसूची विवरण में उल्लेखित प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए निम्नानुसार निर्णय लिये गए:–

**19/01** 18वीं बैठक दिनांक 15 मई 2023 के कार्यवाही विवरण एवं इस पर हुई अनुपालना प्रतिवेदन का अनुमोदन।

आयोजना मंडल की 18वीं बैठक के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित करते हुए की गई अनुपालना पर संतोष व्यक्त किया गया।

**19/02** विश्वविद्यालय परिसर में अति विशिष्ट व्यक्तियों हेतु भवन के निर्माण का प्रस्ताव।

भवन की आवश्यकता के सम्बन्ध में सदन को अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह एवं अन्य सेमिनारों आदि में माननीय राज्यपाल

महोदय, मंत्रीगणों एवं अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों का आगमन होता रहता है, इनके प्रवास हेतु तात्कालीन आवश्यकतानुसार सर्किट हाउस में व्यस्था की जाती है, अतः इस हेतु विश्वविद्यालय में अतिविशिष्ट अतिथियों के लिए आधुनिक सुविधायुक्त भवन की आवश्यकता निरंतर बनी रहती है, इस जानकारी उपरांत माननीय कुलगुरू महोदय द्वारा बताया गया कि यह भवन राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेने वाले बाहर के अतिथियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी साबित होगा। तत्पश्चात् अति विशिष्ट वयक्तियों के लिए अलग से भवन बनाए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

19/03 भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र हेतु भवन निर्माण का प्रस्ताव।

प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान प्रो0 बी0 अरूण कुमार ने सुझाव दिया कि भवन में पुस्तकों के लिए लाईब्रेरी कक्ष एवं प्रो0 ज्योति राणा ने शोध कार्य के लिए कंप्यूटर कक्ष का भी प्रावधान रखने का सुझाव दिया, सदन द्वारा इन सुझावों को प्रस्ताव में सम्मिलित करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र हेतु भवन निर्माण के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

19/04 मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ भवन निर्माण का प्रस्ताव।

भवन में विद्यापीठ से सम्बन्धित समस्त विषयों की एक लाइब्रेरी बनाने एवं विशेष योग्यजनों के लिए रेंप निमार्ण के सुझाव को को सम्मिलित करते हुए मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ भवन निर्माण के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

19/05 (टेबिल एजेंडा ) विश्वविद्यालय परिसर में ट्राजिस्ट होस्टल निर्माण बाबत् प्रस्ताव।

प्रस्ताव में छात्र छात्राओं के साथ सेमिनार में आने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मिलित करते हुए ट्राजिस्ट होस्टल निर्माण के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

प्रस्तावों के सम्बन्ध में उद्यागपति सदस्य श्री टी0सी0 गोयल द्वारा उक्त प्रस्तावों के लिए बजट के सम्बनध में जानकारी चाहने पर अवगत करवाया गया कि उक्त भवनो के निमार्ण हेतु विश्वविद्यालय के स्वंय के स्रोत एवं पी.टी.ई.टी. /डी.एल.एड. परीक्षाओं के आयोजन के लिए राज्य सरकार से नियमानुसार प्राप्त होने वाली प्रोत्साहन राशि का उपयोग किया जाएगा।

तत्पश्चात् आसन को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव
(कार्यवाहक)
एवं सदस्य सचिव
आयोजना मंडल